राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने आज आकाशवाणी से प्रसारित माननीय प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम में स्थान पानेवाले बिहारी युवा बेतिया जिलावासी श्री प्रमोद को बधाई दी

पटना, 28 फरवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज आकाशवाणी से प्रसारित माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम में स्थान पाने वाले बिहारी युवा बेतिया जिलावासी श्री प्रमोद को बधाई दी है।

राज्यपाल ने अपनी शुभकामना में कहा है कि बेतिया जिलावासी श्री प्रमोद जैसे युवा के प्रयासों एवं हुनर से ही देश और समाज का तेजी से विकास होता है। उन्होंने कहा है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में श्री प्रमोद जैसे युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्यपाल ने कहा है कि आज के भारतीय युवा रोजगार–याचक नहीं रोजगार–प्रदाता बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर हो रहे हैं एवं 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। राज्यपाल ने एल॰ई॰डी॰ बल्ब की फैक्ट्री लगाने वाले श्री प्रमोद को उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा, तकनीकी योग्यता, हुनरमंदी एवं नेतृत्वक्षमता के लिए शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री चौहान ने ऐसी बिहारी प्रतिभा के नाम का अपने लोकप्रिय 'मन की बात' कार्यक्रम में उल्लेख करने के लिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।

ज्ञातव्य है कि आज प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन के क्रम में बेतिया जिलावासी बिहारी प्रतिभा श्री प्रमोद का उल्लेख करते हुए कहा कि– **''बेतिया के निवासी, प्रमोद जी ने दिल्ली में एक एल॰ई॰डी॰ बल्ब निर्माण कारखाने में एक तकनीशियन के रूप में काम किया। कारखाने में अपने काम के दौरान, उन्होंने पूरी प्रक्रिया की पेचीदगियों को बहुत विस्तार से समझा। लेकिन कोरोना के दौरान प्रमोद जी को अपने घर लौटना पड़ा। घर लौटने के बाद प्रमोद जी ने खुद एल॰ई॰डी॰ बल्ब बनाने के लिए एक छोटी इकाई शुरू की। वह अपने क्षेत्र के कुछ युवाओं को साथ लेकर आये और कुछ ही महीनों में फैक्ट्री वर्कर बनने से लेकर फैक्ट्री मालिक बनने तक का सफर पूरा किया, वह भी अपने घर में रहते हुए।''**

....